वेबसाईट : www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 16 दिसंबर 2019

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

पांथिक उन्मादियों, माओवादियों एवं देशविरोधी ताकतों द्वारा हिंसक आंदोलन खड़ा किये जाने के प्रयास: अभाविप

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नागरिकता संशोधन कानून 2019 के विरोध की आड़ में पांथिक उन्मादियों, वामपंथी-माओवादियों एवं देश विरोधी ताकतों द्वारा छात्रों को गुमराह कर देश भर के परिसरों में अराजकता एवं हिंसक आंदोलन खड़ा किये जाने के प्रयास की कड़ी भर्त्सना करती है।

आंदोलन के हिंसक रूप से स्पष्ट हो जाता है कि माओवादी शक्तियाँ देशभर के विश्वविद्यालय में छात्रों को भड़काकर हिंसा फैलाने का काम कर रही हैं, अभाविप इसका कड़ा विरोध करती है। साथ ही दिल्ली विश्वविद्यालय में आंदोलन के नाम पर तोड़फोड़ तथा छात्रों को परीक्षा देने से रोकना आदि घटनायें निंदनीय हैं।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय महामंत्री निधि त्रिपाठी ने कुछ राजनैतिक दलों द्वारा हिंसा का समर्थन कर दंगे भड़काने की घटना पर तुरंत कार्यवाही की अभाविप की माँग को मांग को पुन: दोहराया, साथ ही छात्र समुदाय से आग्रह किया है कि, वे किसी बहकावे में न आएँ तथा ऐसे सभी लोग जो हिंसा के लिए उकसा रहे हैं उनके विरुद्ध एकजुट होकर खड़े हों।

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)